# नीम

*[आज़ाडिराक्टा इंडिका]*

**नीम भारत के मूल निवासी पेड़ों में से एक है। यह जल्दी उगता है और इसके पत्ते और शाखायें पेड़ के सिर पर एक गोल सा अकार बनाते हैं। यह 20-30 मीटर जितना लंबा हो सकता है, और इसकी शाखाएँ चौड़ी होती हैं। सर्दियों के महीनों में इसकी पत्तियाँ गिर जाती हैं और वसंत में नए पत्ते उगते हैं।**

देशी वृक्ष वे होते हैं जो किसी क्षेत्र में कई वर्षों तक प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं; ना कि वो पौधे जो कोई विदेश से लाए हो। इन पेड़ों का अपने क्षेत्र में मौजूद पक्षियों, कीड़ों, मकड़ियों से लेकर बड़े जानवरों तक के साथ ख़ास संबंध होता है। पेड़ की शाखाओं और पत्तियों को उसका 'मुकुट' कहते है। पेड़ को गौर से देख कर आप उसके मुकुट के आकार का अनुमान लगा सकते हैं।

## पत्ते

नीम का हर पत्ता कई छोटी छोटी घुमावदार पत्तियों से बना होता है, जो तने के दोनों ओर उगते हैं। प्रत्येक पत्ते में २०- ३० छोटी पत्तियाँ हो सकते हैं। नीम के पत्ते शाखाओं के सिरों पर गुच्छों में उगती हैं। पत्तियों और तनों के बीच कई कीड़े रहते हैं। 'वीवर चींटियाँ' नीम की पत्तियों के घोंसले बनती हैं। वे पत्तों के किनारों को एक साथ खींचती हैं, फिर उनके लार्वा (डिंभक) द्वारा उत्पादित चिपचिपे रेशम से पत्तों को एक दुसरे से चिपकाती हैं।

नीम की हर पत्ती की धार ज़िग-ज़ैग होती हैं। आपको किन अन्य पौधों में टेढ़ी-मेढ़ी धार वाली पत्तियाँ दिखाई देती हैं?

अपने आस पास नीम का पेड़ ढूँढ़िए -- एक पत्ता तोड़ कर उसे सूंघें और चखें। क्या ये स्वाद आपको किसी और चीज़ की याद दिलाता है?

क्या आपके घर में नीम के पत्तों का इस्तेमाल होता है? अपने दोस्तों और पड़ोसियों से पूछें कि वे नीम के पत्तों का इस्तेमाल कैसे करते हैं। अपने टूथपेस्ट, साबुन, और केश तेल के लेबल पढ़िए -- क्या इन्हें बनाने में नीम का उपयोग किया गया हैं?

## फूल

नीम के फूल छोटे, सफेद और सुगंधित होते हैं। उनकी सुगंध शहद सी मीठी होती है, और कई मधुमक्खियाँ, परवाने, और तितलियाँ इन पर बैठने आती हैं। इनमें शामिल हैं छोटी 'स्टिंगलेस मधुमक्खी' और 'लाइम स्वॉलोटेल तितली'। लोग भी नीम के फूलों का इस्तेमाल करते हैं, खासकर खाने में! क्या आप कोई ऐसी डिश के बारे में जानते हैं जिसमें नीम के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है?

## फल

नीम के फल पोपटी रंग के अंगूर जैसे दिखते हैं।

कई पक्षी और चमगादड़ इन फलों का आनंद लेते हैं। बुलबुल, बारबेट, और कोयल जैसे पक्षी इन फलों को खाते हैं।

अपनी उंगलियों के बीच नीम के एक पके फल को फोड़िए। इसके अंदर कितने बीज मौजूद हैं?



## छाल

नीम की छाल पर कई रेखाएं और खांचे होते हैं। आप गौर करें तो तने पर कुछ कीड़े और मकड़ियाँ दिखाई देंगी। आपको शाखाओं के बीच गिलहरी जैसे जानवर और 'इंडियन वाइट-ऑय' जैसे पक्षी दिखाई दे सकते हैं।

कागज़ का एक पन्ना नीम की छाल पर रख कर उस पर क्रेयॉन से रगडिये। इसे अंग्रेज़ी में 'बार्क रब्बिंग' कहते हैं। रब्बिंग में आप क्या पैटर्न देख सकते हैं? आप नीम की छाल का वर्णन कैसे करेंगे?

हिंदी अनुवाद: ए . अश्री
चित्र : लाबोनी रॉय
यह काम नेचर क्लास्सरूम्स द्वारा बनाया गया है CC BY-NC-ND 4.0